# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026-27
# सामाजिक विज्ञान
# कक्षा—10

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश—**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों—'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(iii) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड 'ब' 50 अंकों का है, इसमें वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं। (क) भारत का मानचित्र, (ख) भारत का मानचित्र।

(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिए गए मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

## खण्ड-'अ'
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए—**

1. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ किस देश से हुआ ? 1

(A) फ्रांस (C) जर्मनी

(B) भारत (D) इटली

2. इटली का एकीकरण कब पूरा हुआ ? 1

UPBoardHub

(A) 1871 (C) 1876

(B) 1873 (D) 1889

3. "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।" यह किसका कथन है ? 1

(A) गोपाल कृष्ण गोखले (C) गाँधी जी

(B) बाल गंगाधर तिलक (D) जवाहरलाल नेहरू

4. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? 1

(A) 10 दिसम्बर (C) 5 सितम्बर

(B) 14 नवम्बर (D) 15 अगस्त

5. 'विश्व व्यापार संगठन' की स्थापना कहाँ हुई ? 1

(A) न्यूयॉर्क (C) जिनेवा

(B) वाशिंगटन (D) ऑस्ट्रिया

6. संसदीय प्रजातन्त्र की स्थापना सबसे पहले किस देश में हुई ? 1

(A) इटली (C) फ्रांस

(B) इंग्लैण्ड (D) जर्मनी

7. बेल्जियम कहाँ स्थित है ? 1

(A) अफ्रीका (C) ऑस्ट्रेलिया

(B) एशिया (D) यूरोप

8. भारत में पंचायती राज की स्थापना कब हुई ? 1

(A) 1980 (C) 1992

(B) 1990 (D) 2004

9. भारत में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है— 1

(A) लोक सभा (C) मंत्रि मण्डल

(B) विधान सभा (D) पंचायती राज की संस्थाएँ

10. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय संघ सूची में शामिल है ? 1

(A) रक्षा (C) व्यापार

(B) कृषि (D) शिक्षा

11. कपास की खेती के लिए कौन-सी मिट्टी अच्छी होती है ? 1

(A) काली मिट्टी (C) लाल मिट्टी

(B) लैटेराइट मिट्टी (D) जलोढ़ मिट्टी

12. निम्नलिखित में से कौन-सा परम्परागत संसाधन है ? 1

(A) पवन ऊर्जा (C) प्राकृतिक गैस

(B) सौर ऊर्जा (D) ज्वारीय ऊर्जा

13. चिपको आन्दोलन सम्बन्धित है— 1

(A) वन संरक्षण (C) जल संरक्षण

(B) मृदा संरक्षण (D) वायु संरक्षण

14. निम्नलिखित में से कौन-सी रबी की फसल है ? 1

(A) चावल (C) चना

(B) मोटे अनाज (D) कपास

15. हरा सोना किसे कहा जाता है ? 1

UPBoardHub

(A) हीरा
(B) जस्ता
(C) प्राकृतिक वनस्पति
(D) प्लेटिनम

16. निम्नलिखित में से किस राज्य में अधिकतम साक्षरता दर पाई जाती है ? 1

(A) बिहार
(B) केरल
(C) पश्चिम बंगाल
(D) मध्य प्रदेश

17. निम्नलिखित में से किसे औसत आय भी कहा जाता है ? 1

(A) राष्ट्रीय आय
(B) प्रतिव्यक्ति आय
(C) कुल आय
(D) इन सभी को

18. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई ? 1

(A) 1935 ई.
(B) 1940 ई.
(C) 1942 ई.
(D) 1950 ई.

19. भारत में रुपये के प्रयोग को वैधता कैसे प्रदान کی गई है ? 1

(A) कानून द्वारा
(B) संयुक्त राष्ट्र द्वारा
(C) विश्व बैंक द्वारा
(D) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा

20. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय है— 1

(A) न्यूयॉर्क में
(B) पेरिस में
(C) जिनेवा में
(D) ओटावा में

# खण्ड-'ब'
# वर्णनात्मक प्रश्न-I

**(उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)** **(50 अंक)**

UPBoardHub

1. भारतीय राष्ट्रवाद के उदय के चार कारण बताइए। 4

अथवा

'कॉर्न लॉ' के निरस्त होने के बाद ब्रिटेन की खाद्य समस्या का हल कैसे हुआ ?

2. भारत में स्थानीय स्वशासन के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

गठबन्धन सरकार से आप क्या समझते हैं ?

3. जैव और अजैविक संसाधन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

वनों से हमें कौन-कौन से प्रत्यक्ष लाभ मिलते हैं ?

4. बेरोजगारी दूर करने के चार उपाय बताइए। 4

अथवा

भारत की अर्थव्यवस्था में बैंक किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ?

## वर्णनात्मक प्रश्न-II

**(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)**

5. यूरोप की क्रान्ति के कारण का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

गाँधीजी द्वारा चलाए गए तीन आन्दोलनों का वर्णन कीजिए।

UPBoardHub

6. संघनात्मक शासन प्रणाली की महत्वपूर्ण विशेषताएँ बताइए। 6

अथवा

भारत के संविधान में केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन किस तरह किया गया है ?

7. भारत में पाई जाने वाली मिट्टियों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों का वर्णन कीजिए।

8. राष्ट्रीय आय में वृद्धि के उपाय बताइए। 6

अथवा

असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों की समस्याओं का मूल्यांकन कीजिए।

9. (क) निम्नलिखित स्थानों को दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए— 3

(i) वह स्थान जहाँ गाँधी जी शहीद हुए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ चौरी-चौरा काण्ड हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ख) दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए—

3

(i) नर्मदा नदी $\sim$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

UPBoardHub

(ii) पश्चिमी तट पर स्थित एक बन्दरगाह चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) गुजरात की राजधानी • चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) सबसे अधिक गेहूँ उत्पादक एक राज्य $\triangle$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) हीराकुण्ड बाँध $\models$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹-20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte h**